आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 12.11.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- आज विश्व निमोनिया दिवस मनाया जा रहा है।
- न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कल भारत के इक्यावनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से एक पहल के तहत दक्षता की शुरूआत की गई।
- आगामी मत्स्य निवेशक बैठक को देखते हुए जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से स्वराज द्वीप की यात्रा के लिए व्यवस्था की गई है।
- सिक्खों के पहले गुरू, गुरू नानक देव जी की जयंती के सिलसिले में श्री विजयपुरम में गुरूद्वारा डॉ. दीवान सिंह की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

आज विश्व निमोनिया दिवस मनाया जा रहा है। इस सिलसिले में स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के प्रजनन और बाल स्वास्थ्य की ओर से सामाजिक जागरूकता और निमोनिया को सफलतापूर्वक कम करने की कार्रवाई–सांस अभियान आज से अगले वर्ष अट्ठाईस फरवरी तक चलेगी। इस वर्ष का विषय है–"निमोनिया नहीं, तो बचपन सही"। इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करना और बचपन में निमोनिया के प्रति सामुदायिक जागरूकता सुनिश्चित करना है और न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन–पी.सी.वी. को बढ़ावा देना तथा प्रदूषण के बारे में जागरूकता पैदा करना है। सांस अभियान के दौरान निमोनिया से बचाव, रोकथाम और उपचार के लिए स्वास्थ्य संवर्धन व्यवहार और प्रथाओं को अपनाने के लिए समुदाय में जागरूकता उत्पन्न की जाएगी, जिससे भारत में बाल निमोनिया के कारण मृत्यु दर को अगले वर्ष तक कम करने का प्रयास किया जाएगा। लोगों से बाल निमोनिया के मामलों की शीघ्र पहचान और पांच वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में निमोनिया के शीघ्र प्रबंधन के लिए ए एन एम और आशा कार्यकर्ताओं को सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। भारत में पांच साल से कम उम्र के बच्चों में निमोनिया सबसे बड़ा संक्रामक रोग है, जो पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु का सत्रह दशमलव पांच शून्य प्रतिशत है।

<><><><><><><>

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कल भारत के इक्यावनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में उन्हें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने

न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड का स्थान लिया है, जो हाल ही में सेवानिवृत्त हो गए। इस समारोह में उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सहित अन्य लोग शामिल हुए।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से एक पहल के तहत दक्षता की शुरूआत की गई। नर्सिंग अधिकारियों के दूसरे बैच के लिए दक्षता पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योग निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रसव के दौरान और तत्काल प्रसव पूर्व माता एवं नवजात शिशु के देखभाल की गुणवत्ता में सुधार करना है। प्रशिक्षण का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रजनन और बाल स्वाथ्य सेवा के संयुक्त सचिव डॉ. अविजित रॉय और ऑब्सटेट्रिक्स और गायनेकोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. एम.के. साहा, ने किया। संयुक्त सचिव ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों से लेबर रूम में स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता में सुधार लाने और माता एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए प्रशिक्षण से लाभ उठाने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में डॉ. एम.के. साहा, डॉ. आर.पी. अस्पताल मायाबंदर की नर्सिंग ऑफिसर रूबी वर्गीस और जी.बी. पंत अस्पताल की नर्सिंग ऑफिसर प्रिविना स्रोत अधिकारी थे। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की डॉ. सुजा एंटॉनी ने प्रतिभागियों में प्रमाण पत्र बांटे और गर्भावस्था के बेहतर परिणाम के लिए प्रसव कक्षों में देखभाल की गुणवत्ता पर बल दिया। उन्होंने प्रसव कक्षों में देखभाल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए स्थानीय स्तर पर कैस्केड प्रशिक्षण का सही रूप से पालन करने पर जोर दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों से कुल बारह नर्सिंग अधिकारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े के अभ्यास के सिलसिले में अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के दौरे पर आए कमांडिंग पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर रियर एडमिरल सुशील मेनन ने कल राज निवास में द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी से मुलाकात की।

<><><><><><><>

आगामी मत्स्य निवेशक बैठक को देखते हुए जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से स्वराज द्वीप की यात्रा के लिए व्यवस्था की गई है। श्री विजयपुरम से स्वराज द्वीप के लिए एम वी कालीघाट आज दोपहर एक बजे हैडो जेट्टी से छुटेगा। इस यात्रा के लिए टिकट आज ही सुबह ग्यारह बजे हैडो जेट्टी पर संबंधित विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के आधार पर सामान्य भुगतान के आधार पर जारी किए जाएंगे। स्पीड बोट चौदह नवम्बर को सुबह साढ़े छः बजे मीडिया कर्मियों और मत्स्य विभाग के प्रतिनिधियों को लेकर रवाना होगी।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय में विभिन्न विशेषज्ञों के पदों के लिए अनुबंध के आधार पर नियुक्ति की जाएगी। इन पदों के लिए साक्षात्कार ऑनलाइन मोड पर ली जाएगी। उम्मीदवार की आयु पैंसठ वर्ष होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को दक्षिण अंडमान के लिए ढ़ाई लाख, मध्योत्तर अंडमान के लिए दो लाख पचहत्तर हजार और निकोबार जिले के लिए तीन लाख रूपये प्रतिमाह दी जाएगी। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बाईस नवम्बर है। उम्मीदवारों की सूची विभाग के वेबसाइट पर उनतीस नवम्बर को जारी की जाएगी और साक्षात्कार गूगल मीट के जरिए चार दिसम्बर से छः दिसम्बर तक सुबह दस बजे से ली जाएगी। अधिक जानकारी प्रशासन और विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

सिक्खों के पहले गुरू गुरू नानक देव जी की जयंती के सिलसिले में श्री विजयपुरम में गुरूद्वारा डॉ. दीवान सिंह की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज दिन में ढाई बजे नगर कीर्तन का आयोजन होगा। कल सुबह छः बजे निशान साहिब सेवा और आठ बजे अखंड पाठ की शुरूआत होगी। चौदह नवम्बर तक अखंड पाठ जारी रहेगा। भोग अखंड पाठ पन्द्रह नवम्बर को सुबह साढ़े आठ बजे आरंभ होगा। साढ़े आठ बजे से दिन में ढ़ाई बजे तक असा–दि–वार, दीवान और कीर्तन के कार्यक्रम होंगे और दिन में बारह बजे से गुरू का लंगर होगा।

<><><><><><><>

लिटिल निकोबार द्वीप के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन ने समन्वित द्वीप प्रबंधन योजना तैयार करने का जिम्मा चेन्नई को सौंपा है। चेन्नई की राष्ट्रीय वहनीय तटीय प्रबंधन केन्द्र के लिए तैयार इस योजना का मसौदा तटीय प्रबंधन की ओर से जमा किया गया है और अब हितधारकों से सुझाव व टिप्पणियां आमंत्रित की गई है। यह मैप अंडमान निकोबार प्रशासन की वेबसाइट के अलावा पर्यावरण और वन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मसौदा की सॉफ्ट कॉपी कई कार्यालयों की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध कराया गया है। सुझाव और टिप्पणियां तीस दिनों के भीतर वन सदन स्थित ए पी सी सी एफ के कार्यालय में सीधे या मेल के जरिए भेजे जा सकते है।

<><><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स ने मधुरा ट्रैवेल्स सर्विस के अध्यक्ष कलैमामणि वीकेटी बालन अय्या अवारकल के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की है। इनका कल निधन हो गया।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से आज लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर का विशेष अंक प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–''विश्व निमोनिया दिवस''। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. अमृता बर्मा श्रोताओं से संवाद करेंगी। श्रोता फोन संख्या दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम आज शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के अवसर पर कल टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मंजुलता राव ने अपने संबोधन में समावेशी शिक्षा के लिए मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के दृष्टिकोण पर बल दिया। कॉलेज के संकाय सदस्य ने पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से उनके शैक्षिक योगदान और विज़न के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रतिभागियों के लिए भाषण और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से हाल ही में बैठक की गई। बैठक में नई समिति का गठन किया गया। इसमें ताहिर अली को अध्यक्ष और विद्या प्रकाश कृष्णा तथा कैस्पर जेम्स को उपाध्यक्ष चुना गया।

<><><><><><><>